बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-79
08/02/2025

मुख्यमंत्री ने कृषि विभाग के अन्तर्गत 1007 अभ्यर्थियों को किया नियुक्ति पत्र प्रदान

- **1007 पदाधिकारियों में 397 महिला पदाधिकारी हैं**

पटना, 08 फरवरी 2025 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज ऊर्जा ऑडिटोरियम में दीप प्रज्जवलित कर कृषि विभाग द्वारा आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम में 154 अनुमंडल कृषि पदाधिकारी/सहायक निदेशक (शष्य) एवं समकक्ष स्तर के राजपत्रित पदाधिकारियों तथा 853 प्रखंड कृषि पदाधिकारी एवं समकक्ष स्तर के पदाधिकारियों सहित कुल 1007 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। आज जिन 1007 पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरण किया गया है उनमें 397 महिला पदाधिकारी है। महिला पदाधिकारियों की इतनी बड़ी संख्या यह साबित करने के लिए पर्याप्त है कि कृषि के क्षेत्र में भी महिला पदाधिकारी की भूमिका पुरूष पदाधिकारी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलनेवाली है।

नियुक्ति पत्र प्रदान करने के दौरान मुख्यमंत्री ने अभ्यर्थियों को बधाई देने के साथ–साथ उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही उन्हें कर्तव्यों के प्रति भी सचेत करते हुये कहा कि कृषि पदाधिकारियों की बिहार के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका होगी। मुझे आशा है कि कृषि विभाग को आप लोग नई ऊचाई पर पहुॅचायेंगे। कृषि में नये–नये तकनीकी युक्त कृषि कार्य किये जायेंगे।

ज्ञातव्य है कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में कृषि और संबद्ध क्षेत्रों के विकास के लिए वर्ष 2008 से कृषि रोड मैप का क्रियान्वयन किया जा रहा हैं। अब तक तीन कृषि रोड मैप का क्रियान्वयन किया जा चुका है, वर्तमान में चतुर्थ कृषि रोड मैप के कार्यकमों का क्रियान्वयन किया जा रहा है। चतुर्थ कृषि रोड मैप में फसल विविधिकरण के तहत दलहन, तेलहन फसलों के साथ–साथ पोषक अनाज की खेती को कलस्टर में बढ़ावा देने तथा जलवायु अनुकूल कृषि कार्यक्रम चलाये जा रहे है, जिसमें किसानों को नयी तकनीकों, फसल चक्र, जीरो टिलेज आदि तकनीकों को आगे जारी रखने में नव नियुक्त पदाधिकारी सहायक होंगे।

मुख्यमंत्री का संकल्प बिहार के कृषि क्षेत्र को आगे ले जाने, किसानों की समृद्धि और कृषि रोडमैप के क्रियान्वयन तथा सरकार की किसानों के हित में चलायी जा रही महत्वपूर्ण योजनाओं के कार्यान्वयन में प्रखंड और अनुमंडल पदाधिकारियों के नियुक्ति से सुविधा होगी। 154 अभ्यर्थियों का अनुमण्डल कृषि पदाधिकारी एवं समकक्ष पदों के लिए बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा अनुशंसा की गयी है। नवनियुक्त पदाधिकारी जिला एवं अनुमंडल स्तर पर बीज उत्पादन से लेकर बीज वितरण तक का कार्य तथा किसानों को उचित मूल्य दिलाने की सुविधा उपलब्ध कराने के साथ–साथ अनुमंडल स्तर पर स्थापित किये जाने वाले मिट्टी जाँच प्रयोगशाला आदि में कार्य करेंगे।

853 अभ्यर्थियों का प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी एवं समकक्ष पदों के लिए बिहार लोक सेवा आयोग अनुशंसा की है। नवनियुक्त पदाधिकारियों के आने से राज्य के सभी प्रखण्डों में

प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी के अन्य खाली पदों के पद पर नियमित पदाधिकारियों का पदस्थापन किया जा सकेगा। इसके अतिरिक्त बीज निरीक्षक, सभी मिट्टी जाँच प्रयोगशालाओं में सहायक अनुसंधान पदाधिकारी, सभी बीज गुणन प्रक्षेत्रों में कृषि निरीक्षक के साथ–साथ सभी प्रयोगशालाओं में सहायक अनुसंधान पदाधिकारी तथा जिला एवं प्रमण्डल स्तर के कृषि कार्यालयों में सहायक कृषि पदाधिकारी के पदों पर नियमित पदस्थापन हो सकेगा।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री को कृषि मंत्री श्री मंगल पाण्डे ने प्रतीक चिन्ह एवं कृषि विभाग के सचिव श्री संजय कुमार अग्रवाल ने हरित पौधा भेंटकर स्वागत किया।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, स्वास्थ्य–सह–कृषि मंत्री श्री मंगल पांडे, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, विकास आयुक्त श्री प्रत्यय अमृत, कृषि विभाग के सचिव श्री संजय कुमार अग्रवाल, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह एवं पटना के जिलाधिकारी श्री चन्द्रशेखर सिंह सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******